महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना, मध्यप्रदेश
मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम

पत्रांक : सी.एम.सी.एल.डी.पी. / 22 / 1918 — दिनांक : 11 / 04 / 2022

/ /नाम उपनाम सुधार प्रक्रिया/ /

विश्वविद्यालय द्वारा बी.एस.डब्ल्यू. के छात्रों को जारी अंकसूची एवं उपाधि में त्रुटि सुधार हेतु नियमानुसार निम्नांकित प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। सुधार हेतु छात्र द्वारा निम्नानुसार प्रक्रिया पूर्ण किया जाना अपेक्षित हैः–

1. अंकसूची में नाम/उपनाम में सुधार हेतु प्रकिया–
   - अंकसूची में दर्ज नाम को अपने 10वीं कक्षा की अंकसूची में दर्ज नाम से मिलान करें।
   - भिन्न अथवा त्रुटि की दशा में नाम सुधार हेतु आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क रु.100/– की मूल जमा रसीद संबंधित मूल अंकसूची, 10वीं अंकसूची की छायाप्रति एवं अपना पूर्ण पर्ता व मोबाइल नं सहित आवेदन विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।
   - आवेदन निदेशक, सी.एम.सी.एल.डी.पी., महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामेदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना, मध्यप्रदेश – 485334 के पते पर पंजीकृत डाक से प्रेषित करें अथवा हाथों–हाथ विश्वविद्यालय में जमा कर सकते हैं।
   - स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के किसी भी शाखा में शुल्क जमा कर रसीद आवेदन के साथ अनिवार्यतः संलग्न करें।
   - स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के किसी भी शाखा में निम्नांकित खाते में शुल्क जमा करें :–
     खाता का नाम – CMCLDP COURSE
     खाता क्र. – 34470972397
     आई.एफ.एस.सी. – SBIN0016748
   - उक्त प्रेषित आवेदन एवं दस्तावेजों की छायाप्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।
   - यदि कोई छात्रा विवाह के उपरान्त अपने अंकसूची में सरनेम में परिवर्तन चाहती है तो छात्रा को रु. 100/– के स्टाम्प पर पूर्व के नाम और विवाहोपरान्त परिवर्तित नाम के आशय का मूल हलफनामा अथवा विवाह प्रमाण–पत्र (मैरिज सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. उपाधि में नाम/उपनाम में सुधार हेतु प्रकिया–
   - उपाधि में अंग्रेजी में दर्ज नाम को अपने 10वीं की अंकसूची में दर्ज नाम से मिलान करें।
   - हिन्दी में अंकित नाम को अपने आधार कार्ड अथवा अन्य सरकारी दस्तावेज में उल्लिखित नाम से मिलान करें।
   - भिन्न अथवा त्रुटि की दशा में नाम सुधार हेतु संबंधित मूल उपाधि, अंतिम वर्ष की अंकसूची की छायाप्रति, 10वीं की अंकसूची की छायाप्रति, कोई ऐसे सरकारी दस्तावेज जिसमें हिन्दी में नाम का उल्लेख हो जैसे– आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति आदि अथवा स्वयं छात्र द्वारा हिन्दी में लिखा नाम एवं आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क रु. 100/– की जमा मूल रसीद के साथ विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।
   - आवेदन निदेशक, सी.एम.सी.एल.डी.पी., महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामेदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, सतना, मध्यप्रदेश – 485334 के पते पर पंजीकृत डाक से प्रेषित करें अथवा हाथों–हाथ विश्वविद्यालय में जमा कर सकते हैं।
   - स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के किसी भी शाखा में निम्नांकित खाते में शुल्क जमा करें :–
     खाता का नाम – CMCLDP COURSE
     खाता क्र. – 34470972397
     आई.एफ.एस.सी. – SBIN0016748
   - उक्त प्रेषित आवेदन एवं दस्तावेजों की छायाप्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।

11/4/22

(डॉ. अमरजीत सिंह)
निदेशक, सी.एम.सी.एल.डी.पी.